पुलिस मुख्यालय छत्तीसगढ़
नवा रायपुर, अटल नगर, जिला रायपुर-492002

विज्ञापन

छत्तीसगढ़ पुलिस विभाग के अंतर्गत ''काउंटर टेररिज्म एण्ड जंगल वारफेयर कॉलेज (सीटीजेडब्ल्यू कॉलेज), कांकेर'' में निदेशक के रिक्त पद को प्रतिनियुक्ति/संविदा के आधार पर भरा जाना हैं, जिस हेतु पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। विवरण निम्नानुसार है :-

01. पद :-

स.क्र.	पद का नाम	रिक्तियों की संख्या	भर्ती की प्रक्रिया
01	निदेशक (ब्रिगेडियर), सीटीजेडब्ल्यू कॉलेज, कांकेर	01	प्रतिनियुक्ति अथवा छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (संविदा नियुक्ति) नियम, 2012 के प्रावधानों के अंतर्गत संविदा नियुक्ति

02. उक्त पद हेतु योग्यता:-

1.	रैंक	:	ब्रिगेडियर/कर्नल
2.	इकाई	:	**प्रतिनियुक्ति हेतु -** सेना अथवा समकक्ष आर्गेनाईजेशन में ब्रिगेडियर/कर्नल अथवा समकक्ष पद पर पदस्थ हों। **संविदा नियुक्ति हेतु -** सेना अथवा समकक्ष आर्गेनाईजेशन में ब्रिगेडियर/कर्नल अथवा समकक्ष पद पर पदस्थ रहे हों।
3.	उम्र	:	दिनांक 01.01.2022 को 60 साल से अधिक नहीं होनी चाहिए।
4.	अनुभव	:	J&K/NE/LWE क्षेत्र में उग्रवाद विरोधी अभियान का अनुभव होना चाहिए। कमांडो प्रशिक्षण, विशिष्ट बलों में काम करने का अनुभव, फील्ड क्राफ्ट एवं टेक्टिक्स के प्रशिक्षण इत्यादि का प्रशिक्षक के रूप में अनुभव होने पर अतिरिक्त अंक दिये जाएंगे।
5.	प्रशिक्षक के रूप में अनुभव	:	काउंटर इंसरजेंसी एवं जंगल वारफेयर स्कूल, वरांग्टे अथवा अन्य ख्याति प्राप्त विशिष्ट प्रशिक्षण संस्थान में प्रशिक्षक के रूप में कार्य किया हो।
6.	मेडिकल स्टेंडर्ड	:	Shape-1
7.	Honours/Awards	:	सेवा के दौरान वीरता/उल्लेखनीय सेवा हेतु मेडल प्राप्तकर्ता को सेवा मूल्यांकन हेतु अतिरिक्त अंक प्रदान किये जायेंगे।

03. आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथिः- आवेदन पत्र पुलिस महानिदेशक, छत्तीसगढ़ पुलिस मुख्यालय, अटल नगर, नवा रायपुर के पते पर दिनांक 31.08.2022 के शाम 05:30 बजे तक स्वीकार्य किए जावेंगे। निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात् प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जावेगा। डाक/कूरियर में देरी के लिए विभाग जिम्मेदार नहीं होगा।

04. प्रतिनियुक्ति हेतु आवेदन करने वाले अधिकारियों के लिए नियोक्ता प्राधिकारी का अग्रेषण आवश्यक होगा। नियोक्ता प्राधिकारी द्वारा अग्रेषण नहीं किये जाने की स्थिति में अपात्र घोषित किया जा सकेगा।

05. वेतनः- शासन द्वारा जारी निर्देश अनुसार वेतन/संविदा वेतन प्रदाय किया जावेगा।

06. नियुक्ति का तरीका :- दिनांक 31.08.2022 के शाम 05:30 बजे तक प्राप्त समस्त आवेदन-पत्रों के संबंध में विभागीय स्तर पर प्रक्रिया संपादित कर पात्र अभ्यर्थियों की सूची अंतिम निर्णय/आदेश जारी करने हेतु छत्तीसगढ़ शासन, गृह (पुलिस) विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर की ओर प्रेषित की जायेगी। संविदा नियुक्ति के संबंध में अंतिम निर्णय गृह (पुलिस) विभाग, छत्तीसगढ़ शासन के पास सुरक्षित रहेगा। आवेदन पत्र का प्रारूप छत्तीसगढ़ पुलिस की आधिकारिक बेवसाईट - ***https:// www.cgpolice.gov.in/*** पर उपलब्ध है।

हस्ता/-
(**अशोक जुनेजा**)
पुलिस महानिदेशक
छत्तीसगढ़

छत्तीसगढ़ पुलिस विभाग के अंतर्गत निदेशक, काउंटर टेरेरिज्म एण्ड जंगल वारफेयर कॉलेज (सीटीजेडब्ल्यू), कांकेर के रिक्त पद हेतु आवेदन-पत्र का प्रारूप।

01	नाम	:	
02	पिता/पति का नाम	:	
03	जन्म तिथि	:	
04	दिनांक 01.01.2022 की स्थिति में आयु	:	
05	शैक्षणिक योग्यता	:	
06	आवेदित प्रकार	:	प्रतिनियुक्ति/संविदा नियुक्ति (कृपया किसी एक को चुने)
07	प्रतिनियुक्ति हेतु -	:	
	वर्तमान इकाई का नाम	:	
	धारित पद	:	
	वर्तमान में प्राप्त परिलब्धियों का विवरण	:	
08	संविदा नियुक्ति हेतु -	:	
	सेवानिवृत्ति पर धारित पद की इकाई का नाम	:	
	सेवानिवृत्ति दिनांक एवं धारित पद का नाम	:	
	सेवानिवृत्ति के समय प्राप्त परिलब्धियों का विवरण	:	
09	वर्तमान पता	:	
10	स्थाई पता	:	
11	मोबाईल नंबर	:	
12	सेवा विवरण	:	
13	विशेष उपलब्धि अथवा अनुभव का विवरण।	:	
14	अन्य विशेष योग्यता	:	

नोटः- उपरोक्तानुसार स्व-प्रमाणित प्रमाण-पत्रों की छायाप्रतियां संलग्न की जाये। साथ ही सेवा अनुभव तथा उपलब्धियों को रेखांकित करते हुए स्वयंपूर्ण बायोडाटा भी संलग्न करें। प्रतिनियुक्ति हेतु आवेदित अभ्यर्थी को नियोक्ता प्राधिकारी का अग्रेषण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।

स्थान :
दिनांक :

हस्ताक्षर-
नाम-
सेवारत् वर्तमान/सेवानिवृत्त पद-